आईटीआई लिमिटेड ने 10वीं अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस 2024 मनाया।

आईटीआई लिमिटेड ने 21 जून, 2024 को आईटीआई बेंगलूरु प्लांट में 'योगा फॉर सेल्प एंड सोसायटी' थीम के साथ 10वीं अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस 2024 मनाया और वैश्विक आंदोलन में शामिल हुआ। इस अवसर पर आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक श्री राजेश राय ने श्री राजीव श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त), श्रीमती एस जेयंति, निदेशक (उत्पादन) एवं निदेशक-मानव संसाधन (अतिरिक्त प्रभार), श्रीमती आर वसंती, महापबंधक - बी, आईटीआई बेंगलूरु प्लांट के इकाई प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

भारतीय योगा केंद्र की योगा शिक्षिक सुश्री अनुपमा यतिराज ने योगा के लाभों पर प्रकाश डाला और योगा आसनों का प्रदर्शन किया। श्री राजेश राय, श्री राजीव श्रीवास्तव, श्रीमती एस जेयंति, श्रीमती आर वसंती, बेंगलूरु प्लांट, निगमित कार्यालय एवं एन एस इकाई के वरिष्ठ अधिकारियों/कर्मचारियों ने योगा सत्र में भाग लिया।